हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक
# भव्य प्रभात
खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 16, अंक 328 30 नवम्बर 2023 गुरुवार हाथरस पृष्ठ 8 मूल्य–2/ –रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

# बंगाल की पहली पसंद भाजपा: शाह

- शाह बोले-बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह धमाकों की गूंज
- घुसपैठियों के वोटर-आधार कार्ड बन रहे, सीएम ममता चुप हैं
- बंगाल के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरी भाजपा: शाह




कोलकाता,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यहां अपनी सार्वजनिक रैली से पहले कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) बंगाल के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरी है और आगामी चुनाव में राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस की विफलता निश्चित है। श्री शाह ने 'एक्स' पर कहा,"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, भाजपा बंगाल के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरी है।आगामी चुनावों में भाजपा की जीत और ममता दीदी (तृणमूल प्रमुख एवं मुख्यमंत्री) के नेतृत्व वाली टीएमसी का पतन निश्चित है। आज कोलकाता में 'प्रतिवाद सभा' घ्को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं।" इस बीच राज्य में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल नेताओं के 'भ्रष्टाचार' के कारण बंगाल के लोग अपने अधिकारों से वंचित हैं। श्री अधिकारी ने आरोप लगाया कि बंगाल के लोग, जो केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी होने के पात्र थे, तृणमूल कांग्रेस नेताओं के भ्रष्टाचार के कारण अपने अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने एक्स पर कहा,"कोलकाता हमारे महान नेता, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का जोरदार स्वागत करने का इंतजार कर रहा है, जो एक विशाल सार्वजनिक सभा को संबोधित करने जा रहे हैं।" उन्होंने कहा,"लोग सांस रोककर और आज की रैली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।" 1. बंगाल सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया बंगाल में 27 साल कम्युनिस्टों का शासन रहा, तीसरे टर्म में ममता बनर्जी की सरकार बनी। दोनों ने मिलकर बंगाल को बर्बाद कर दिया। ममता दीदी श्शोनार बांगला और मां माटी मानुश्र के नारे के साथ कम्युनिस्टों को हटाकर सत्ता में आई थीं, लेकिन बंगाल में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आज भी बंगाल में घुसपैठ, तुष्टिकरण, राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार हो रहा है। 2. मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई पीएम मोदी ने पूरे देश से आतंकवाद को समाप्त किया है। कश्मीर से जिस धारा 370 को हटाने के लिए बंगाल के सपूत श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने बलिदान दिया था, उसे मोदी जी ने समाप्त किया। वामपंथी उग्रवाद को समाप्त किया। भारत के तिरंगे को चंद्रयान 3 के माध्यम से चांद पर पहुंचाया। नई संसद बनाई और देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर पहुंचाया। 3. 2024 में मोदी को पीएम बनाने की अपील की साल 2026 के चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, लेकिन इससे पहले 2024 का चुनाव आ रहा है। 2019 में आपने बीजेपी को 18 सीटें दी थी। मैं यहां आपसे विनती करने आया हूं कि 2024 में बीजेपी को इतनी सीटें दीजिए कि पीएम पद की शपथ लेने के बाद मोदी जी को कहना पड़ जाए कि मैं बंगाल की सपोर्ट से प्रधानमंत्री बना हूं। बंगाल सरकार ने रैली की इजाजत नहीं दी थी ममता बनर्जी की सरकार ने अमित शाह की इस रैली को अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद प्रदेश भाजपा ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट की सिंगल बेंच ने रैली की अनुमति दे दी थी। राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ बड़ी बेंच के पास पहुंची थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस सिवागनानम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज कर दी थी।

## जौनपुर में दो सगे भाइयों की हत्या, छह गिरफ्तार

जौनपुर,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खेतासराय क्षेत्र में सरेराह दो सगे भाइयों की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी। इस सनसनीखेज वारदात के छह घंटे के भीतर पुलिस ने सशस्त्र मुठभेड़ के बाद छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जिनमें तीन के पैर में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर रात एक बारात में कुछ लोग शराब के नशे में धुत होकर नाच रहे थे। इनमे से कुछ लोग एक चाऊमीन की दुकान पर पहुंचे और शराब पीने लगे। दुकानदार सगे भाई अजय प्रजापति (23) और अंकित प्रजापति (20) ने इसका विरोध किया जिस पर शराबियों ने दोनों भाइयों को चाकू से गोद डाला। स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि दोहरे हत्याकांड के बाद सक्रिय हुयी पुलिस ने देर रात में हुई मुठभेड़ में सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी है जिन्हे अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से तीन तमंचा 315 बोर और एक चाकू के अलावा गोली बारुद बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मुकेश बिन्द (घायल), नीशू बिन्द (घायल), सतीश बिन्द (घायल) के अलावा विवेक बिन्द ,जगदीश उर्फ रामसिंह और अमरजीत के रूप में की गयी है। सभी ग्राम मनेछा थाना खेतासराय जौनपुर के निवासी हैं।




## मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में दिया जवाब, बोले- डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रभावी उपाय

लखनऊ,(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा में डेंगू की रोकथाम और प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए किए जा रहे प्रयासों पर जवाब दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा में प्रदेश में डेंगू की रोकथाम को लेकर किए जा रहे उपायों पर कहा कि सरकार डेंगू सहित अन्य संक्रमित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर रही है। सरकार द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय के माध्यम से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए काम किए जा रहे हैं। जलजनित या विषाणु जनित रोगों के निवारण के लिए प्रतिवर्ष तीन माह डोर टु डोर अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अलग–अलग क्षेत्रों में अलग–अलग बीमारियां देखने को मिलती है। बरेली और बदायूं में मलेरिया, बिहार से लगे इलाकों में कालाजार जैसी बीमारियों का प्रकोप देखने को मिलता है। सरकार द्वारा इनके रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाते हैं। आज ब्लड सेपरेटर यूनिट द्वारा ब्लड चढ़ाया जाता है और हम प्लेटलेट्स की अतिरिक्त आपूर्ति भी करते हैं। सरकार द्वारा डेंगू सहित संचारी रोगों की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा देने के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में आयुष्मान योजना और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना से लाखों लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। बिजली के मुद्दे पर डिप्टी सीएम व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश में तकरार सदन की कार्रवाई में सवाल जवाब के दौरान बिजली के मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव में बहस हो गई। अखिलेश के सवाल पर उप मुख्यमंत्री बोले, यूपी में अब 24 घंटे बिजली आती है जिस पर अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को बिजली की चिंता कब से होने लगी। इस दौरान सदन में जोरदार हंगामा हुआ। अखिलेश यादव ने कहा कि योगी सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में अब तक एक भी पावर हाउस नहीं खोला है।

उन्होंने उप मुख्यमंत्री से कहा कि जब डेंगू की बात आएगी तो आपसे सवाल करेंगे आपको बिजली की चिंता नहीं होनी चाहिए। अनुपूरक बजट को लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के चतुर्मुखी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। आज अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा. ..विभिन्न कार्य योजनाओं को हम पूरा करेंगे...।



# जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के दिये निर्देश

(भव्य प्रभात)

हाथरस । जनपद के उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियो की समस्याओं का निस्तारण करना है। प्रत्येक बिन्दुओ की रिपोर्ट निर्धारित समय में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने तथा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत दिए जाने वाले ऋणों के बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियो की समस्याओं का निस्तारण करना है। प्रत्येक बिन्दुओ की रिपोर्ट निर्धारित समय में निस्तारित करके प्रगति करना सुनिश्चित करने तथा सम्बन्धित विभागों को अनुपालन आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए।

राधेश्याम अग्रवाल अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत रूहेरी में एन0एच0आई के किनारे जल निकासी हेतु नाले का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने अपर जिला पंचायतराज अधिकारी को नाला पटवाने के निर्देश दिए। आद्योगिक क्षेत्र सलेमपुर में क्षेत्रीय प्रबंधक यू0पी0सी0डा0 द्वारा आवंटित भूमि पर वन विभाग के हस्तक्षेप के संबंध में जिलाधिकारी ने वन विभाग से संबंधित प्रकरणों के संबंध में यू0पी0सी0डा0 को संबंधित पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्री निधीश कुमार इण्डस्ट्रियल स्टेट मामले में यू0पी0सी0डा0 को निर्धारित मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण कराने के निर्देश दिए।

उपायुक्त उद्योग हाथरस ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर दिये गये है। जिसके तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना में 58 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 87 आवेदनों को बैंक के लिये प्रेषित कर दिया गया है। बैंक द्वारा 27 आवेदनों को स्वीकृत करते हुए 20 को ऋण वितरित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्व–रोजगार योजना में 57 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। 35 आवेदनों को बैंक के लिये प्रेषित कर दिया गया है। जिसमें से बैंक द्वारा 18 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए 11 आवेदक को ऋण उपलब्ध करा दिया गया है। ओ0डी0ओ0पी0 योजना में 32 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था।

36 आवेदनों को कार्यवाही हेतु बैंक के लिये प्रेषित किया गया है। बैंक द्वारा 12 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए 09 आवेदक को ऋण उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर दिनांक 28.11.2023 तक विभिन्न विभागीय स्तर पर समय सीमार्न्तगत लंबित आवेदनों की संख्या कुल 25 है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साहित्य प्रकाश मिश्र ने उपस्थित समस्त उद्योग बंधुओं से आगामी माह दिनांक 15.12.2023 से प्रारम्भ हो रहे हाथरस महोत्सव में अपने–अपने उत्पाद से संबंधित स्टॉल लगाये जाने के साथ ही आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रायोजक के तौर पर सहयोग प्रदान करने का आवाहन किया।

बैठक के दौरान आबकारी अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अपर जिला पंचायतराज अधिकारी, व्यापार मंडल के अध्यक्षध्सचिव, उद्यमी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# ई0वी0एम0 की फर्स्ट लेविल चेकिंग हेतु की गई व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

हाथरस । मा0 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में ई0वी0एम0 की फर्स्ट लेविल चेकिंग दिनांक 01.12.2023 से प्रारम्भ की जायेगी।



ई0वी0एम0 की फर्स्ट लेविल चेकिंग हेतु की गई व्यवस्थाओं का जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मा0 आयोग के निर्देशानुसार की गई समस्त व्यवस्थायें पूर्ण पायी गयी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आप सांसद की रिहाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

हाथरस। आम आदमी छात्र विंग द्वारा मंगलवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह को ईडी सीबीआई द्वारा झूठे केस में फंसाने के मामले को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि ईडी व सीबीआई से 12 घंटे तक छापेमारी की गई। हालांकि ईडी व सीबीआई को कुछ हासिल नहीं हुआ है। इसके बाबजूद सांसद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पदाधिकारियों ने रिहाई की मांग की। इस मौके पर करन कश्यप, देवेंद कुमार, अर्जुन सिंह, राजेंद्र सिंह राना, आरके गौतम आदि थे।

# सिद्ध पीठ माता मंदिर पर मनाई देव दीपावली

सिकन्दराराऊ। कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के पुनीत पावन अवसर पर नगर के विख्यात सिद्ध पीठ पथवारी माता रानी मंदिर पर धार्मिक आयोजनों की त्रिवेणी वही।

प्रातभोरबेला मंगला दर्शन ब्रजेश्वरी माता रानी का दुर्गा सहस्त्रत्नाम स्तोत्रम पर अभिषेक कर अलौकिक दिव्य मनोहारी श्रृंगार दर्शन किया गया। संध्या कालीन सामूहिक कन्याओं का पूजन कर उनको जिमाया गया चुनरी उड़ा कर माता रानी की सौगात देकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पुजारी जगदीश कश्यप, धर्मेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, बीरो लाला, चेतन शर्मा, राजेश शर्मा, अमित शर्मा, विश्वजीत वर्मा, छोटेलाल, जयंती प्रसाद आदि लोग रहे।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक, लेटर पैड, पम्पलेट
पोस्टर, शादी कार्ड, अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग, अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या धाम से भेजे गए पवित्र अक्षत-कलश को श्री राम रामेश्वर मन्दिर पर विराजमान कर किया पूजन

(भव्य प्रभात)
हाथरस। विश्व हिंदू परिषद जिला–हाथरस के संयोजन में श्रीराम–जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र, अयोध्या धाम से भेजे गए पवित्र अक्षत–कलश का पूजन एवम हवन का कार्यक्रम 22 जनवरी 2024 को अयोध्या जी में नूतन राम मंदिर में श्रीराम लला के सकुशल विराजमान होने की कामना का संकल्प लेकर आज 29.11.2023 को अभिजित मुहूर्त में श्री राम रामेश्वर मन्दिर,हनुमान गली में आयोजित किया गया।
इस अवसर पर राम–जन्मभूमि आंदोलन के आरंभ से आज मंदिर निर्माण की बेला तक के संघर्ष गाथा को अवगत करवाते हुए ४६१ वर्ष तक चले अनवरत संघर्ष में लाखों हिन्दू वीरों के बलिदान के उपरान्त अंततः वेदों में वर्णित अयोध्या का स्वरूप साकार होने जा रहा है, हम सब का सौभाग्य है कि इस सुदिन के हम साक्षी होंगे ।
कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक दुर्गेश गुप्ता जी ने बताया कि आज हम सभी के द्वारा श्री राम–जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र से आए अक्षत कलश



का पूजन किया जा रहा है,इसके बाद 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर–घर द्वार–द्वार पहुंच कर प्रत्येक गली, मोहल्ले व बस्ती में अक्षत पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। संगठन की मंशा है की इस स्वर्णिम बेला में सभी हिंदू जनमानस की सह भगिता हो और दिनांक 22.01. 2024 को होने वाले स्थापना कार्यक्रम की सीधा प्रसारण प्रत्येक गली मोहल्ले के मंदिर में किया जाएगा
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मुनेंद्र जी द्वारा सभी स्वयंसेवकों सभी अनुसांघिक संगठनो के कार्यकर्ताओं से इस पुण्य कार्य में सहभागी होने का आवाहन किया।
जिला मंत्री नरेन्द्र सिंह जी द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दिनों में संगठन के कार्यकर्ता प्रखंड स्तर पर व उसके बाद उपखंड स्तर तक पूजित अक्षत के वितरण का कार्यक्रम प्रत्येक बस्ती पर आयोजित कर हिन्दू समाज के हर वर्ग के प्रत्येक परिवार को राम लला के प्रतिष्ठा समारोह हेतु आमन्त्रित किया जावेगा ।
इस कार्यक्रम के साथ–साथ प्रांत बैठक में दो नवीन घोषणाएं विभाग सह संयोजक हर्षित गौड़ जिला संयोजक मोहित गौड़ को बनाया गया जिनका नगर सह संचालक पी पी सिंह जी द्वारा दुपट्टा पहन कर सम्मान किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रीमान अजय जी सह–विभाग कार्यवाह,श्रीमान सुखपाल जी जिला संघ चालक,श्रीमान राम किशन जी जिला कार्यवाह श्रीमान डाक्टर पी पी सिंह जी सह–नगर संघ चालक,प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य विहिप श्रीमान राजेन्द्र नाथ चतुर्वेदी जी, जिला अध्यक्ष श्रीमान मुकेश सूर्यवंशी जी, जिला संगठन मंत्री श्रीमान कपिल जी,जिला उपाध्यक्ष श्रीमान कैलाश कूलवाल जी,जिला सह–मंत्री श्रीमान प्रवीन खण्डेलवाल,जिला कोषाध्यक्ष श्रीमान मदन गोपाल वार्ष्णेय जी, जिला सह–समरसता प्रमुख श्रीमान मनोज वार्ष्णेय जी,नगर अध्यक्ष विहिप श्रीमान सचिन अग्रवाल जी,नगर उपाध्यक्ष श्रीमान राहुल चौधरी जी,नगर उपाध्यक्ष श्रीमान दीपू वार्ष्णेय जी,विभाग सह–संयोजक बजरंगदल श्रीमान हर्षित गौड़,जिला संयोजक बजरंगदल श्रीमान मोहित गौड़ जी,जिला सह–संयोजक सोनू भारती आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, पूजन में जन्मभूमि के दर्शनार्थ आए सैकडों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर जय श्रीराम के उदघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया, कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के पश्चात प्रसाद वितरण कर हुआ ।

## दहेज लेना मत समझो शान ,इसने ली है बहुत मासूमों की जान

हाथरस। जिलाधिकारी अर्चना वर्मा के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेज–4 के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हाथरस में महिला कल्याण विभाग हाथरस द्वारा दहेज प्रथा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी विमल कुमार शर्मा ने डी एल एड प्रशिक्षू को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), किशोर न्याय अधिनियम, बाल श्रम, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, दत्तक ग्रहण, पोक्सो अधिनियम 2012, एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताने के साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि दहेज लेने, दहेज देने, दहेज के लिए उकसाने अथवा इसके लेने–देन में सहभागी होने पर न्यूनतम पांच वर्ष की कैद एवं 15 हजार रूपये का जुर्माना हो सकता है। धारा 3 दहेज लेने अथवा देने के अपराधी को न्यून्तम पांच वर्ष के कारावास के साथ ही न्यूनतम 15 हजार रूपये अथवा उपहार की कीमत, इनमें से जो भी अधिक हो, के जुर्माने का प्रावधान है। धारा 4– यदि किसी पक्षकार के मां बाप, अभिभावक अथवा रिश्तेदार किसी भी तरह प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से दहेज की मांग पर 6 माह से 2 वर्ष तक की जेल तथा 10000 रुपए जुमाने का प्रावधान है। दहेज लेना मत समझो शान इसने ली है बहुत मासूमों की जान।
इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उप शिक्षा निदेशक डॉक्टर ऋचा गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पात्रता के अनुसार लाभ लेने के साथ ही दहेज एक सामाजिक अभिशाप है इसे दूर करने का हम सबको मिलकर के आवाहन करने की आवश्यकता है तथा जन भागीदारी से इस सामाजिक कुरीति को दूर किया जा सकता है।
प्रबंधक, वन स्टॉप सेंटर मनीषा भारद्वाज द्वारा कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ साथ सभी डी एल एड प्रशिक्षू को अपने लोगों संबंधियों तथा बेटे बेटियों को दहेज न लेने न देने के लिए प्रेरित करें तथा समाज में होने वाले दहेज वाली शादियों का सामाजिक बहिष्कार करने के लिए प्रेरित करें, दहेज की शिकायत पीड़ित महिला, स्वयं उसके माता–पिता या अन्य कोई रिश्तेदार या कोई स्वयंसेवी संस्था शिकायत कर सकती है।
वरिष्ठ प्रवक्ता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने दहेज के लिए बेटियां जलाइ न जाए सब मिलकर दहेज रुपी दानव को परिवार समाज तथा देश से बहिष्कृत करें ताकि एक समृद्ध समाज व सशक्त समाज का निर्माण हो सके ।
इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उप प्राचार्य शौकीन सिंह यादव, प्रवक्ता अर्चना राणा ,अर्चना सिंह ,देवराज सिंह, राजकिशोर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से बंटी कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्तिम रूप निस्तारण हेतु तैयार वादों के सम्बन्ध में की गई मॉनिटरिंग





(भव्य प्रभात)
हाथरस । जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस सतेन्द्र कुमार, की अध्यक्षता में अपर जनपद न्यायाधीश, नोडल अधिकारी महेन्द्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में दिनांक 09.12.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में एक बैठक समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण से राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्तिम रूप निस्तारण हेतु तैयार वादों के सम्बन्ध में मॉनिटरिंग की गयी और सभी न्यायिक अधिकारीगण से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु विचार विमर्श किया गया तथा सभी न्यायिक अधिकारीगण को अधिक से अधिक वादों के निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। जिसमें विशेष न्यायाधीश, एस0सी0,एस0टी0 एक्ट राम प्रताप सिंह, विशेष न्यायाधीश, पोक्सो अधिनियम चित्रा शर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ0टी0सी0, कोर्ट संख्या–2, विनीत चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नम्रता शर्मा, सिविल जज(व0प्र0), प्रभारी सचिव, मुन्नालाल, अपर सिविल जज(व0प्र0), अनु चौधरी, सिविल जज(व0प्र0)/एफ0टी0सी0, आशीष थिरानिया, सिविल जज (क0प्र0), श्रुति त्रिपाठी, अपर सिविल जज (क.प्र.) चारू सिंह, अपर सिविल जज (क.प्र.), आंचल चन्देल, अपर सिविल जज (क.प्र.), हर्षिका रस्तोगी, अपर सिविल जज (क.प्र.), अनिष्का चौधरी, सिविल जज (क.प्र.) सिकन्द्राराऊ अभिषेक चौधरी, सिविल जज(क.प्र.)एफ.टी.सी., प्रथम, शिवजी यादव, सिविल जज(क.प्र.)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, सादाबाद, मिताली सोनकर उपस्थित रहें।

# राहुल द्रविड़ ही रहेंगे भारतीय टीम के कोच

## बीसीसीआई ने किया एलान, कोचिंग स्टाफ में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। कोचिंग स्टाफ में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि द्रविड़ मुख्य कोच रहेंगे। विक्रम राठौर बल्लेबाजी कोच, पारस म्हाम्ब्रे गेंदबाजी और टी दिलीप फील्डिंग कोच के पद पर बने रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए इस बात की घोषणा कर दी है कि राहुल द्रविड़ ही टीम इंडिया के कोच रहेंगे। बीसीसीआई ने उनका कार्यकाल बढ़ा दिया है। वहीं, कोचिंग स्टाफ में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि द्रविड़ मुख्य कोच रहेंगे। विक्रम राठौर बल्लेबाजी कोच, पारस म्हाम्ब्रे गेंदबाजी और टी दिलीप फील्डिंग कोच के पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति जारी कहा कि हाल ही में संपन्न विश्व कप के बाद अनुबंध की अवधि समाप्त होने के बाद बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ के साथ सार्थक चर्चा की और सर्वसम्मति से कार्यकाल को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। बोर्ड भारतीय टीम को तैयार करने में द्रविड़ की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है और उनकी असाध् ाारण व्यावसायिकता की सराहना करता है। बोर्ड एनसीए के प्रमुख और स्टैंड–इन हेड कोच के रूप में उनकी अनुकरणीय भूमिकाओं के लिए वीवीएस लक्ष्मण की भी सराहना करता है। अपनी प्रसिद्ध ऑन–फील्ड साझेदारियों की तरह द्रविड़ और लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने में मिलकर काम किया है। द्रविड़ ने कार्यकाल बढ़ाए जाने पर क्या कहा? कार्यकाल बढ़ाए जाने पर द्रविड़ ने कहा, श्टीम इंडिया के साथ पिछले दो साल पूरी तरह से यादगार रहे हैं। हमने साथ में उतार–चढ़ाव देखे हैं और इस पूरी यात्रा के दौरान टीम के भीतर समर्थन और सौहार्द रहा है। हमने ड्रेसिंग रूम में जो संस्कृति स्थापित की है, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। हमारी टीम के पास जो कौशल और प्रतिभा है, वह अभूतपूर्व है। मैं बीसीसीआई और पदाध् ाकारियों को मुझ पर भरोसा करने, मेरे दृष्टिकोण का समर्थन करने और इस दौरान समर्थन प्रदान करने के लिए ध् ान्यवाद देता हूं। रोजर बिन्नी ने कहा– यह आपसी सम्मान की बातद्रविड़ का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, श्राहुल द्रविड़ की दूरदर्शिता, व्यावसायिकता और दृढ़ प्रयास टीम इंडिया की सफलता में महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में आप हमेशा अत्यधिक जांच के दायरे में रहते हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। यह आपसी सम्मान की बात है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके नेतृत्व में टीम सफलता के शिखर तक पहुंचेगी।श जय शाह ने की द्रविड़ की तारीफ बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, श्मैंने उनकी नियुक्ति के समय उल्लेख किया था कि मुख्य कोच की भूमिका संभालने के लिए राहुल द्रविड़ से बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है और उन्होंने अपने प्रदर्शन से खुद को फिर से साबित कर दिया है। टीम इंडिया अब सभी प्रारूपों में एक मजबूत इकाई है।




## आर्थर फिल्स और लुका वान एशे नेक्स्ट जेन टेनिस फाइनल्स में जीते

आर्थर फिल्स और लुका वान एशे ने पहली बार सउदी अरब में हो रहे नेक्स्ट जेन फाइनल्स टेनिस के राउंड रॉबिन चरण में अपने अपने मुकाबले जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त 19 वर्ष के फ्रेंच खिलाड़ी फिल्स ने लुका नार्डी को 2 . 4, 4 . 3, 4 . 2, 1 . 4, 4 . 2 से हराया। नेक्स्ट जेन फाइनल्स बेस्ट आफ फाइव प्रारूप में खेले जा रहे हैं जिसमें चार अंक का हर सेट होगा। राउंड रॉबिन ग्रुप में फ्लावियो कोबोली ने डोमिनिक स्ट्रिकर को 4 . 2, 3 . 4, 4 . 1, 4 . 2 से हराया। वहीं एशे ने वाइल्ड कार्डधारी अब्दुल्ला शेलबाय को 4 . 3, 3 . 4, 4 . 1, 4 . 1 से मात दी। हमाद एम ने एलेक्स मिशेलसेन को 4 . 2, 4 . 3, 3 . 4, 3 . 4, 4 . 3 से हराया। यह टूर्नामेंट एटीपी टूर पर 21 वर्ष या उससे कम उम्र के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है। पहली बार 2017 में खेला गया यह टूर्नामेंट अब तक इटली के मिलान में होता आया है।

## रोहन–अश्विनी की जोड़ी सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन के दूसरे दौर में पहुंची

अनुभवी अश्विनी पोनप्पा और उनके जोड़ीदार रोहन कपूर ने मंगलवार को यहां सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुरुआती दिन मिश्रित युगल में दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने पेंग सून चान और यी सी चीह की मलेशिया की जोड़ी की चुनौती को सीधे गेमों में 21–12, 21–18 से खत्म किया। बी सुमित कुमार रेड्डी और सिक्की रेड्डी की मिश्रित जोड़ी ने भी सफलता का स्वाद चखा। इस युगल ने ताइवान के ह्वान–यी वू और चू युन की जोड़ी को 21–14, 21–14 से हराकर दूसरे दौर में जगह पक्की की। इस बीच वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन की जोड़ी मिश्रित युगल क्वालीफायर में ताइवान के चिएन–वेई चियांग और मेंग चेन वू से हार गयी। पुरुष एकल वर्ग के क्वालीफायर में चिराग सेन ने 21–7, 12–21, 21–17 से रवि की कड़ी चुनौती को समाप्त कर मुख्य दौर में प्रवेश किया। सेन मुख्य दौर मेंध्रुव रावत के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल में विमलराज अन्नादुराई और नवीन प्रशांत ईश्वरमूर्ति को22–24, 21–13, 21–17 से हराकर दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे।

## इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया महिला टीमों के भारत दौरे पर प्रशंसकों को स्टेडियम में निशुल्क प्रवेश

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम के आगामी मुकाबलों के दौरान यहां के वानखेड़े स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में प्रशंसकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। इंग्लैंड की महिला टीम का भारतीय दौरा छह दिसंबर को तीन मैचों टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगा। इसके दो अन्य मैच नौ और 10 दिसंबर को खेले जायेंगे। इससे पहले भारत 'ए' महिला टीम इंग्लैंड 'ए' के खिलाफ बुधवार को शुरू होने वाले तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भिड़ेगी। यह सभी मैच शाम सात बजे से वानखेड़े स्टेडियम में खेले जायेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा, '' एमसीए अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने महिला क्रिकेट के समर्थन को प्रोत्साहन देने के लिए सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है।'' उन्होंने कहा, ''प्रशंसकों के लिए निःशुल्क प्रवेश रखने से स्टेडियम भरे रहेंगे और यह टी20 क्रिकेट के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को भी दर्शाएगा।'' भारतीय टीम इसके बाद 14 से 17 दिसंबर तक इंग्लैंड के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम मेंटेस्ट मैच खेलेगी। भारत, ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला की शुरुआत 21 से 24 दिसंबर तक वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट से करेगा, जिसके बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी। पहला वनडे 28 दिसंबर को खेला जाएगा, दूसरा 30 दिसंबर को और तीसरा दो जनवरी 2024 को होगा। यह सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जायेंगे। दोनों टीमें इसके बाद डी वाई पाटिल स्टेडियम में पांच, सात और नौ जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में एक दूसरे का सामना करेंगी।

## न्यूनतम निर्यात मूल्य लागू होने से प्याज निर्यात को झटका

नयी दिल्ली। नवंबर 2023 के पहले 21 दिनों में भारत से प्याज का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के करीब बराबर ही रहा। केंद्र ने प्याज निर्यात के लिए 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लागू कर दिया है, जिसके लागू होने और फसल कटाई में देर होने के कारण निर्यात को झटका लगा। विभिन्न निजी एजेंसियों और अनुसंधान संस्थाओं से प्राप्त ब्योरा बताता है कि अगस्त में 40 फीसदी का भारी–भरकम निर्यात शुल्क लगाए जाने के बाद प्याज का निर्यात सुस्त हो चुका था। अक्टूबर के आखिर में एमईपी लागू होने से इसका निर्यात काफी घट गया। दुबई की कृषि व्यापार कंपनी सिल्करूट डॉट एजी के आंतरिक शोध के आंकड़े बताते हैं कि सितंबर में भारत ने करीब 1,66,711.31 टन प्याज का निर्यात किया जो पिछले साल सितंबर में हुए निर्यात से 48.11 फीसदी कम रहा। उसके बाद अक्टूबर में 2,79,039.50 टन प्याज निर्यात हुआ, जो अक्टूबर, 2022 में निर्यात प्याज की तुलना में करीब 11.80 फीसदी कम रहा। मगर असली झटका नवंबर में न्यूनतम निर्यात मूल्य लागू होने के बाद लगा है। 21 नवंबर तक भारत से प्याज का निर्यात पिछले साल 1 से 21 नवंबर के बीच निर्यात के मुकाबले करीब 85 फीसदी घटकर महज 19,347 टन रह गया। मुख्य तौर पर बांग्लादेश, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका जैसे देशों को भारत से प्याज का निर्यात किया जाता है। नवंबर के पहले तीन हफ्तों में इन देशों को प्याज का निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले बहुत कम रहा। बांग्लादेश को 21 नवंबर तक करीब 263 टन प्याज का निर्यात किया गया जबकि पिछले साल 21 नवंबर तक वहां 49,000 टन प्याज भेजा गया था। इस बार नेपाल को तो केवल 88 टन प्याज भेजा गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 8,654.5 टन प्याज निर्यात किया गया था। देसी बाजार में प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम कसने के लिए केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को 40 फीसदी आयात शुल्क लगा दिया था। देश के प्रमुख प्याज उत्पाद राज्य महाराष्ट्र में किसानों का विरोध् ा–प्रदर्शन देखते हुए सरकार ने 2 लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने का फैसला किया। आयात शुल्क लगने से पहले प्याज का निर्यात मूल्य करीब 320 डॉलर प्रति टन यानी करीब 2,650 रुपए प्रति क्विंटल था। बाद में 29 अक्टूबर को सरकार ने प्याज के लिए 800 डॉलर प्रति टन न्यूनतम निर्यात मूल्य की अध् िासूचना जारी कर दी। इस हिसाब से देसी बाजार में कीमत करीब 67 रुपए प्रति किलो होती है। आदेश के मुताबिक एमईपी 31 दिसंबर तक लागू रहेगा।

## फलस्तीन के झंडे का स्टीकर लगाने पर आजम पर लगे जुर्माने को पीसीबी ने माफ किया

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के दौरान अपने बल्ले पर फलस्तीन के झंडे का इस्तेमाल करने पर विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान पर लगाए गए 50 प्रतिशत मैच फीस के जुर्माने को मंगलवार को पूरी तरह से माफ कर दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान के बेटे आजम पर दो दिन पहले पीसीबी मैच रेफरी ने मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया था क्योंकि उन्होंने अपने बल्ले से फलस्तीन के झंडे का स्टीकर हटाने से इनकार कर दिया था। आजम मैच के दौरान अंपायर के निर्देशों का पालन करने में बार–बार विफल रहे। यह पीसीबी के खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहायक कार्मिक के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4 का उल्लंघन है। पीसीबी ने जुर्माना पूरी तरह से माफ करने का कोई कारण नहीं बताया। बोर्ड ने इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी कि आजम आगामी मैचों में अपने बल्ले से स्टीकर हटाने के लिए सहमत हुए है या नहीं। पीसीबी ने एक संक्षिप्त विज्ञप्ति में कहा, ''मैच अधिकारियों द्वारा आजम खान पर लगाए गए 50 प्रतिशत जुर्माने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने समीक्षा की है और उसे माफ कर दिया है।''





# श्वेता शर्मा ने शर्ट के बटन खोलकर किया देसी हिपहॉप, भोजपुरी एक्ट्रेस का डांस देख छूटेंगे पसीने

भोजपुरी एक्ट्रेस श्वेता शर्मा अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट्स की वजह से छाई रहती हैं। श्वेता शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। श्वेता शर्मा अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। श्वेता शर्मा के हर पोस्ट पर लोग जमकर प्यार बरसाते हैं। इस बीच एक्ट्रेस श्वेता शर्मा का बोल्ड वीडियो सामने आया है, जिसमें वो हद से ज्यादा बोल्ड लग रही हैं। इस क्लिप में श्वेता शर्मा देसी हिपहॉप करती नजर आ रही हैं। ।सेव त्मंक – भोजपुरी की न्तपि श्रंअमक हैं, यकीन नहीं तो इन तस्वीरों पर डालें एक नजर भोजपुरी एक्ट्रेस श्वेता शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जो कि इंटरनेट पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। इस क्लिप में श्वेता शर्मा शर्ट के बटन खोल देसी हिपहॉप करती दिखाई दे रही हैं। श्वेता शर्मा का ये अंदाज फैंस को बेहद कातिलाना लग रहा है। इस क्लिप को देखने के बाद कुछ लोगों को ठंडी में भी गर्मी लग रही हैं। श्वेता शर्मा के इस क्लिप को 3 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। बता दें कि कुछ लोगों को श्वेता शर्मा का ये लुक पसंद नहीं आ रहा है। कुछ यूजर्स इस वीडियो पर कमेंट करते हुए अदाकारा को ट्रोल कर रहे हैं। ।सेव त्मंक –ैैूमर्ज ेंतउं ने बिकिनी में किया स्टाइलिश वॉक, भोजपुरी एक्ट्रेस का वीडियो देखते ही रह जाएंगे आप चर्चा में रहती हैं श्वेता शर्मा बताते चलें कि भोजपुरी एक्ट्रेस श्वेता शर्मा की कोई भी तस्वीर इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जती है। श्वेता शर्मा की तस्वीरों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसी वजह से श्वेता अपने फैंस के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। मालूम हो कि श्वेता शर्मा की फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है। श्वेता शर्मा को इंस्टाग्राम पर 5 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा तन्ना के पति वरुण बंगेरा और अभिनेताध्टीवी प्रस्तोता समीर कोचर ने रियल एस्टेट विकास व्यवसाय से जुड़े एक जोड़े के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। शिकायत में कहा गया है कि प्रोनित नाथ और अमीषा नाथ ने कथित तौर पर उनसे 1.3 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। ष्डक्ड

## चर्चा में रहती हैं श्वेता शर्मा

बताते चलें कि भोजपुरी एक्ट्रेस श्वेता शर्मा की कोई भी तस्वीर इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जती है। श्वेता शर्मा की तस्वीरों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसी वजह से श्वेता अपने फैंस के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। मालूम हो कि श्वेता शर्मा की फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है। श्वेता शर्मा को इंस्टाग्राम पर 5 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

ने साल के सबसे लोकप्रिय भारतीय सितारों की अपनी सूची की घोषणा की है, जिसमें शाहरुख खान पहले स्थान पर हैं। आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण इस सूची में क्रमशरू दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। 2023 शाहरुख खान के लिए ब्लॉकबस्टर साल रहा है। पठान और जवान जैसी फिल्मों के साथ वह 2023 के सबसे सफल अभिनेता हैं। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कुल मिलाकर 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. अब एक्टर जल्द ही राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर ब्लॉकबस्टर साबित होगी।



# डॉन 3 से जुड़ी बड़ी खबर आयी सामने, प्रियंका चोपड़ा की जगह इस एक्ट्रेस को किया जाएगा कास्ट?

31 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि अगर उन्हें डॉन 3 में रोमा का किरदार निभाने का मौका मिलता है, तो यह बहुत बड़ी बात होगी क्योंकि वह एक व्यक्ति के रूप में प्रियंका चोपड़ा के काम और उनकी प्रशंसक हैं। प्रियंका चोपड़ा ने रोमा के किरदार से आग लगा दी थी ।फरहान अख्तर ने हाल ही में डॉन 3 की तीसरी किस्त की घोषणा की। जिसमें रणवीर सिंह ने मुख्य भूमिका के लिए शाहरुख खान की जगह ली। इसके तुरंत बाद, प्रशंसकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि आगामी संस्करण में प्रियंका चोपड़ा जोनास के रोमा चरित्र की जगह कौन लेगा क्योंकि वह अब हॉलीवुड में अपनी प्रतिबद्धताओं में व्यस्त हैं।




कई नेटिजन्स ने नाइट मैनेजर फेम शोभिता धूलिपाला के नाम का अनुमान लगाया था और अभिनेत्री ने हाल के साक्षात्कारों में अटकलों पर प्रतिक्रिया दी है।बॉलीवुड बबल के साथ हाल ही में बातचीत में 31 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि अगर उन्हें डॉन 3 में रोमा का किरदार निभाने का मौका मिलता है, तो यह बहुत बड़ी बात होगी क्योंकि वह एक व्यक्ति के रूप में प्रियंका चोपड़ा के काम और उनकी प्रशंसक हैं। प्रियंका चोपड़ा ने रोमा के किरदार से आग लगा दी थी और मुझे डॉन, फिल्में, संगीत, ऊर्जा बहुत पसंद है, यह अद्भुत है और मुझे आम तौर पर एक्शन फिल्में देखने में भी मजा आता है। उन्होंने कहा, श्मेरे पास यह कीड़ा है कि मुझे एक्शन फिल्म करनी है।श् इससे पहले, जब डॉन फ्रेंचाइजी के निर्माताओं ने रणवीर को अपने नए चेहरे के रूप में पेश किया था, तो शाहरुख खान के प्रशंसक इस फैसले से नाखुश थे, जिसके बाद रणवीर ने आगे आकर फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों को आश्वासन दिया और यहां तक कि डॉन श्रृंखला के पिछले दो चेहरों की प्रशंसा करते हुए एक हार्दिक नोट भी साझा किया। उन्होंने लिखा, श्मेरे दो सुपरनोवा, द बिग बी और एसआरके, मुझे उम्मीद है कि मैं आपको गौरवान्वित कर सकता हूं।श् इस बीच, प्रियंका ने हाल ही में फरहान के साथ उनकी आगामी ड्रामा फिल्म जी ले जरा के लिए काम किया है, जिसमें आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। लेकिन तारीखों की दिक्कत के कारण यह प्रोजेक्ट अच्छी गति से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। वहीं शोभिता आखिरी बार द नाइट मैनेजर के दूसरे सीजन में नजर आई थीं। उनकी आखिरी फिल्म अखिल भारतीय रिलीज और मणिरत्नम के निर्देशन में बनी पोन्नियिन सेलवनरू प्प थी। इसके अलावा, उनकी झोली में सितारा नाम की एक हिंदी फिल्म और एक अमेरिकी फिल्म मंकी मैन भी है।

# यात्रियों की सुविधा हेतु डिब्बो की अस्थाई बढोतरी 27 जोड़ी रेलसेवाओं में बढाये विभिन्न श्रेणी के 50 डिब्बे

गोरखपुर। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 27 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के 50 डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता के अनुसाररू– 1. गाडी संख्या 22471द्ध22472, बीकानेर–दिल्ली सराय–बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 01.12.23 से 31.12.23 तक तथा दिल्ली सराय से दिनांक 03.12.23 से 02.01.24 तक 02 द्वितीय शयनयान एवं 01 साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 2. गाडी संख्या 20473द्ध20474, दिल्ली सराय–उदयपुर सिटी–दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से दिनांक 01.12.23 से 31.12.23 तक तथा उदयपुर सिटी से दिनांक 02.12.23 से 01.01.24 तक 02 द्वितीय शयनयान एवं 01 साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 3. गाडी संख्या 22475द्ध22476, हिसार–कोयम्बटूर–हिसार रेलसेवा में हिसार से दिनांक 06.12.23 से 27.12.23 तक तथा कोयम्बटूर से दिनांक 09.12.23 से 30.12.23 तक 01 सैकण्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 4. गाडी संख्या 14707द्ध14708, बीकानेर–दादर–बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 01.12.23 से 31.12.23 तक एवं दादर से दिनांक 02.12.23 से 01.01.24 तक 03 द्वितीय शयनयान एवं 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 5. गाडी संख्या 12991द्ध12992, उदयपुर सिटी–जयपुर–उदयपुर सिटी रेलसेवा में 01.12.23 से 31.12.23 तक 01 द्वितीय कुर्सीयान, 01 थर्ड एसी व 01 साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 6. गाडी संख्या 12495द्ध12496, बीकानेर–कोलकाता–बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 07.12.23 से 28.12.23 तक एवं कोलकाता से दिनांक 08.12.23 से 29.12.23 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 7. गाडी संख्या 20471द्ध20472, बीकानेर–पुरी–बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 03.12.23 से 31.12.23 तक एवं पुरी से दिनांक 06.12.23 से 03.01.24 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 8. गाडी संख्या 22473द्ध22474, बीकानेर–बान्द्रा टर्मिनस–बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 04.12.23 से 25.12.23 तक तथा बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 05.12.23 से 26.12.23 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 9. गाडी संख्या 22977द्ध22978, जयपुर–जोधपुर–जयपुर रेलसेवा में दिनांक 01.12.23 से 31.12.23 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 10. गाडी संख्या 19613द्ध19612, अजमेर–अमृतसर–अजमेर रेलसेवा में अजमेर से दिनांक 04.12.23 से 27.12.23 तक तथा अमृतसर से दिनांक 05.12.23 से 28.12.23 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 11. गाडी संख्या 14804द्ध14803, साबरमती–जैसलमेर–साबरमती रेलसेवा में साबरमती से दिनांक 01.12.23 से 31.12.23 तक एवं जैसलमेर से दिनांक 02.12.23 से 01.01.24 तक 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 12. गाडी संख्या 20485द्ध20486, जोधपुर–साबरमती–जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.12.23 से 31.12.23 तक एवं साबरमती से दिनांक 03.12.23 से 02.01.24 तक 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 13. गाडी संख्या 19608द्ध19607, मदार–कोलकाता–मदार एक्सप्रेस में मदार से दिनांक 04.12.23 से 25.12.23 तक एवं कोलकाता से दिनांक 07.12.23 से 28.12.23 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। 14. गाडी संख्या 19601द्ध19602, उदयपुर सिटी–न्यूजलपाईगुडी–उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से दिनांक 02.12.23 से 30.12.23 तक एवं न्यूजलपाईगुडी से दिनांक 04.12.23 से 01.01.24 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 15. गाडी संख्या 20487द्ध20488, बाडमेर–दिल्ली–बाडमेर रेलसेवा में बाडमेर से दिनांक 04.12.23 से 28.12.23 तक एवं दिल्ली से दिनांक 05.12.23 से 29.12.23 तक 01 फर्स्ट एसी व 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की गई है।

## उ.प्र.में भी दें द्द450 में गैस सिलेंडरः प्रदीप सिंघल

नसीराबाद, रायबरेली ।30 नवम्बर को सस्ते गैस सिलेंडर की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगी ।यहां आए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि इसी माह में संपन्न हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने जुमलों का पिटारा खोलते हुए क्रमशः 450द्द एवं 500 रूपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है किन्तु जिन राज्यों में उनकी सरकार है वहां पर घरेलू गैस सिलेंडर अभी भी लगभग दो गुने बढ़े हुए दाम पर मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी डबल इंजन की सरकार होते हुए भी आमजन को महंगे दामों पर गैस खरीदना पड़ रहा है। जहां चुनाव है वहां उनके द्वारा सस्ते दामों पर गैस सिलेंडर देने की घोषणा एवं जहां उनकी सरकार है वहां महंगे दामों पर गैस सिलेंडर मिलना इनके दोहरे चरित्र को उजागर करता है। जिला महासचिव अनिल सिंह ने बताया कि उनके इस दोहरे चरित्र को जनता के सामने उजागर करने एवं उत्तर प्रदेश में भी आमजन को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की मांग को लेकर कल दिनांक 30 नवंबर 2023 को समय 11रू30 बजे महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से भेजा जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## धोखाधड़ी से शादी करने में पांच के खिलाफ मुकदमा

बांदा। महिला की शिकायत पर एसपी के आदेश पर पति समेत पांच ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव निवासी लालाराम के साथ हुई थी। ससुराल पहुंचने पर पता चला कि पति ने उसे धोखा देते हुए उसे फसाया है। जबकि पति की पूर्व में शादी हो चुकी है। शादी उसने अपनी मर्जी से की थी इसलिए मायके के लोगों को कुछ नहीं कह सकती थी। इसी मजबूरी का फायदा उठाकर पति उसे छह माह तक हमीरपुर के भरुआ सुमेरपुर में रखकर वहां से सूरत ले गया। वहां उससे फैक्ट्री में मजदूरी कराता रहा। मिली हुई मजदूरी को भी हड़प कर लेता था। दोस्तों को बुलाकर शराब पिलाता व उनके साथ संबंध बनाने को भी कहता था। विरोध करने पर पति लालाराम व जेठ रामस्वरूप ने उसके साथ मारपीट की। सूरत में ही उसने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दोनों को बुलाकर समझाया और उसे अपने गांव जाने को कहा। वह ससुराल पहुंची। वहां ससुरालियों ने उसकी न सुनकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने तहसील समाधान दिवस व पुलिस को शिकायती पत्र दिए। कार्रवाई न होने पर एसपी से गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह गौर बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति लालाराम, जेठ रामस्वरूप, ससुर मिहीलाल व जेठानी उर्मिला सहित आरोपी लालाराम की पहली पत्नी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## रंगोली में ख़ुशी टीम रही अव्वल

बांदा। हुसैनपुर कलां स्थित पंडित रामस्वरूप उपाध्याय महाविद्यालय में रंगोली, वाद–विवाद, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मनोज तिवारी व प्रवक्ता कमलेश अग्निहोत्री ने मां सरस्वती का पूजन कर किया। कार्यक्रम में रंगोली, वाद–विवाद, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। रंगोली में ख़ुशी द्विवेदी की टीम, भाषण में प्रतिभा, वाद–विवाद में रामा, मतदाता जागरूकता के लिए अनीता, विजय लक्ष्मी, सीमा, नरेंद्र, धीरेंद्र को सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. अंजू गुप्ता, देवेंद्र बाजपेई, गोरेलाल, भोला, अजय, लालबाबू आदि मौजूद रहे।

## घर में उत्पात मचाने के बाद युवक ने दी जान

बांदा। शराब के नशे में घर में उत्पात मचा रहे युवक को पत्नी ने मना किया तो उसने पत्नी व बच्चों को घर से निकाल दिया। उसके बाद खुद फंदा लगाकर जान दे दी। रात बीतने पर जब पत्नी पड़ोसी के घर से अपने घर पहुंची तो वह फंदे से लटका मिला। शहर कोतवाली क्षेत्र के दरदा छावनी डेरा कनवारा गांव निवासी शिवकुमार (37) ने मंगलवार की रात अपने घर में छत के छल्ले से साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पड़ोसी अमरपाल ने बताया कि रात में शिवकुमार शराब के नशे में घर आया था। पत्नी रामजानकी ने मना किया तो विवाद हो गया। विवाद के चलते उसने पत्नी व बच्चों को घर से निकाल दिया। पत्नी व बच्चे पड़ोसी अमर पाल के घर पहुंच गए।

# जिले में निकाली गई जागरूकता रैली, यातायात नियमों की दी जानकारी

उरई / जालौन। जालौन में यातायात माह के 29वें दिन उरई के कलेक्ट्रेट से यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का शुभारंभ जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने स्कूली छात्राओं के माध्यम से हरी झंडी और मशाल ले जाकर रवाना किया। इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करना है, जिससे होने वाले सड़क हादसों से उन्हें बचाया जा सके। उरई के कलेक्ट्रेट परिसर में शहर के अलग–अलग स्कूल के छात्र–छात्राएं जागरूकता रैली में पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्कूली छात्र को मशाल दी, जिसे जलाकर और छात्राओं के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली का शुभारंभ किया। यह जागरूकता रैली उरई के कलेक्ट्रेट परिसर से जिला परिषद चौराहा होते हुए अंबेडकर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा, घंटाघर होते हुए शहर के विभिन्न विभिन्न चौराहों से होते हुए कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई। इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करना है, जिससे उन्हें दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। इस दौरान छात्र–छात्राएं वाहन चलाने वालों को जागरूक करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने सभी वाहन चालकों को बताया कि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके साथ ही वाहन चलाते समय फोन का उपयोग और शराब का सेवन न करें इसी से सड़क हादसों से बचा जा सकता है। इस दौरान जालौन की डीएम राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि वर्तमान में यातायात माह चल रहा है। यातायात माह के तहत लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने का सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की मौत हो जाती है और कई परिवार बिखर जाते हैं।

# महाप्रबंधक की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक

रायबरेली। अमिताभ, महाप्रबंधक–उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक वीडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से जुडे हुये थे। बैठक में अमिताभ, महाप्रबंधक–उत्तर पश्चिम रेलवे ने सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। बैठक में सर्वप्रथम महाप्रबंधक अमिताभ ने बढ़ती सर्दी के मौसम में सभी मण्डलों पर रेल में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में हमें और सतर्क और सजग रहकर अपना योगदान देना है। वर्तमान सर्दियों के समय में सुरक्षित रेल संचालन के लिए संरक्षा के लिये सभी स्तर के निरीक्षणों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुरक्षित रेल संचालन में छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखकर हादसों को रोकने के लिए विशेष ध्यान देने पर बल दिया। लोको पायलट द्वारा धुंध एवं कोहरे के मौसम में गति की मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने एवं सभी संकेतों की दृश्यता एवं कंट्रोल पैनल तथा ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट की गहन जांच के बारे में भी निर्देश प्रदान किए। बैठक में महाप्रबंधक ने संरक्षित रेल संचालन में अपना विशिष्ट योगदान देने पर रेल कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। सम्मानित कर्मचारी सुरेंद्र जे., वरिष्ठ तकनीशियन हिसार द्वारा दिनांक 26.11.23 को हिसार स्टेशन पर गाड़ी संख्या 14731 के रोलिंग इन परीक्षण में एक डिब्बे की बोगी फ्रेम को डिफेक्टिव पाए जाने पर तुरंत सुपरवाइजर को सूचित कर संभावित हादसे को रोकने एवं श्री रमेश कुमार मीना, ट्रेक मेंटेनर, रेवाड़ी को ड्यूटी के दौरान मुस्तैद रहते हुए रेवाड़ी से अनाज मंडी के मध्य रात्रि गस्त के दौरान रात्रि 03.55 पर अप रेलवे लाइन पर रेल फेक्चर का पता लगते ही तुरंत स्टेशन मास्टर एवं उच्च अधिकारियों को सूचना देकर संभावित हादसे को रोकने के लिए सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि कर्मचारियों को पुरस्कार एवं सम्मानित करने से अन्य कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलता है एवं अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। बैठक में महाप्रबंधक अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मण्डलों पर यात्री सुविधाओं में उच्च कोटि के कार्य निष्पादन हेतु दिशा निर्देश भी प्रदान किए।

# भव्य प्रभात

# भाषाई चिंतन

हिंदी भाषा की पवित्रता,व्यापकता ही हिंदी को वैश्विक फलक प्रदान करती है। हिंदी भाषा न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है ष्राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक हैष् हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार–प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा ष्हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं कियाष यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल में पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार–प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है। एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है। , पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है, निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल। जय हिंदी जय हिंदुस्तान हिंदी भाषा अमर रहे।

# टहनियों तक जाये बिना सर्वोत्तम फल नहीं मिलेगा

**प्रियंका सौरभ**

"मंजिल मिल ही जाएगी भटकते हुए ही सही, गुमराह तो वो हैं जो घर से निकले ही नहीं।"लोग नई चीजें हासिल करने के बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने के बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं। इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है। जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। सिडनी बॉक्सिंग डे टेस्ट में सचिन तेंदुलकर पहली पारी में अपनी कम क्षमता के कारण नहीं बल्कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के डर के कारण आउट हुए। अगली पारी में उन्होंने किसी भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को न खेलने का जोखिम उठाने के लिए मानसिक रूप से तैयारी की और इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाया। 13वीं शताब्दी ई. में एक दर्जन से अधिक जहाज के कप्तान छोटे–छोटे मार्गों से होने वाले समुद्री व्यापार और खोज में व्यस्त थे। लेकिन लंबी यात्रा का डर, मौसम की अनिश्चितता का डर, समुद्र का डर और अंततः अज्ञात के डर ने उन्हें लम्बी समुद्री यात्रा में जाने से रोक दिया। बहादुर और साहस वाले व्यक्ति ने समुद्र की इस चुनौती को स्वीकार किया और लंबी तथा असंभव यात्रा शुरू की। उन्होंने सभी प्रतिकूलताओं के खिलाफ जाने और नई दुनिया की खोज करने का जोखिम उठाया। इसके परिणामस्वरूप एक नए समुद्री मार्ग की खोज हुई और भारतीय उपमहाद्वीप के साथ यूरोपीय व्यापार शुरू हुआ। जोखिम उठाने का परिणाम उन्हें न केवल थोड़े समय में अधिशेष व्यापार के रूप में मिला, बल्कि लंबे समय तक उनका नाम भारतीय उपमहाद्वीप में आने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया और उनका नाम है वास्को डी गामा। डर एक प्राकृतिक मानवीय भावना है जो अक्सर जोखिम लेने में बाधा के रूप में कार्य करती है । यह एक शक्तिशाली प्रभाव है जो व्यक्तियों को पंगु बना सकती है, उन्हें उनकी वास्तविक क्षमता प्राप्त करने से रोक सकती है। यह शोध किया गया है कि कैसे डर के साथ रहना हमें जोखिम लेने से रोक सकता है, विकास और सफलता के अवसरों से वंचित कर सकता है। हालाँकि, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकले बिना, हम कभी भी जीवन में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगे। जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं की जांच करके, हम डर पर काबू पाने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व को समझ सकते हैं। जोखिम लेने की क्षमता में सबसे बड़ा स्पीड ब्रेकररू डर डर विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे असफलता, अस्वीकृति या अज्ञात का डर। यह व्यक्तियों को अलग–अलग तरह से प्रभावित करता है और उनकी निर्णय लेने की क्षमता पर असर डाल सकता है। हमारे पास पानीपत की तीसरी लड़ाई का एक बड़ा उदाहरण है जहां दुश्मन का डर खुद से ज्यादा शक्तिशाली था। इसने मराठों को मानसिक रूप से बीमार बना दिया और उनके निर्णय खंडित हो गए, और इससे मराठाओं की सबसे बड़ी हार हुई। लोग अक्सर अपनी वर्तमान परिस्थितियों के साथ सहज हो जाते हैं, जोखिम लेने के बजाय अपने आराम क्षेत्र के दायरे में रहना पसंद करते हैं। असफलता का डर व्यक्तियों को पीछे धकेल देता है, क्योंकि वे शर्मिंदगी, निराशा या वित्तीय नुकसान जैसे संभावित परिणामों से डरते हैं। डॉक्यूमेंट्री 14 पीक्स में , हम उस आदमी को देखते हैं जिसे किसी चीज का डर नहीं है, वह आसानी से जोखिम ले सकता है और कल्पना से परे जा सकता है। उस एक युवा ने मजबूत मानसिकता के साथ 14 चोटियों पर विजय प्राप्त की। साथ ही, यह डर एक बाधा बन जाता है, जो उन्हें नई संभावनाएं तलाशने से रोकता है। लोग नई चीजें हासिल करने के बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने के बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं। इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है। जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। सिडनी बॉक्सिंग डे टेस्ट में सचिन तेंदुलकर पहली पारी में अपनी कम क्षमता के कारण नहीं बल्कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के डर के कारण आउट हुए। अगली पारी में उन्होंने किसी भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को न खेलने का जोखिम उठाने के लिए मानसिक रूप से तैयारी की और इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाया। डर व्यक्तियों को किसी भी स्थिति के नकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे जोखिम के विपरीत मानसिकता पैदा होती है । वे अज्ञात क्षेत्र में जाने की बजाय यथास्थिति पर कायम रहने के इच्छुक हो सकते हैं। जोखिम लेने के प्रति यह नापसंदगी किसी की क्षमता को सीमित कर सकती है और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकती है। जोखिम उठाएं और सार्थक परिणाम पाएं हालाँकि डर के साथ जीना सुरक्षित और आरामदायक लग सकता है, लेकिन यह अंततः व्यक्तियों को जीवन से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने से रोकता है। महात्मा गांधी ने बिल्कुल नई तरह का सत्याग्रह शुरू करने का जोखिम उठाया। कई लोगों ने उनकी आलोचना की लेकिन उनके अनोखे विचार ने न केवल उन्हें महानतम नेताओं में से एक बनाया बल्कि देश की आजादी हासिल करने में भी मदद की। व्यक्तिगत विकास, नवाचार और सफलता के लिए जोखिम उठाना आवश्यक है। जोखिम उठाना व्यक्तियों को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने की चुनौती देता है।

,। जिससे उन्हें नए अवसरों और अनुभवों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मैडम क्यूरी का उदाहरण यहाँ उपयुक्त है। उसने रेडियोऐक्टिविटी का प्रयोग करने का जोखिम उठाया। किसी ने भी उन पर विश्वास नहीं किया लेकिन उनके सकारात्मक दृष्टिकोण से रेडियोधर्मी तत्वों पर सफल परिणाम मिले और उन्हें अपने अनुकरणीय कार्य के लिए दो नोबेल पुरस्कार मिले। इसके अलावा, जोखिम उठाना व्यक्तिगत विकास, लचीलापन और अनुकूलन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है। हंगरी की एथलीट कैरोली टाकाक्स इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। द्वितीय विश्व युद्ध में एक हाथ खोने के बाद उन्होंने साहस दिखाया और फिर से ओलंपिक में भाग लेने का जोखिम उठाया। खुद लगातार मेहनत और जीत के सकारात्मक रवैये ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिला दिया। इसके अतिरिक्त, केवल जोखिम लेने में संलग्न होकर ही व्यक्ति अपने सच्चे जुनून और क्षमता की खोज कर सकते हैं। यह व्यक्तियों को अपनी सीमाओं का परीक्षण करने के लिए प्रेरित करता है, उन्हें असफलताओं से सीखने और उन सबक को अपनाने में सक्षम बनाता है जो अन्यथा संभव नहीं होते। क्या डर हमेशा बुरा होता है? प्रतिपक्ष पर सोच उत्तर है– नहीं। डर का आयाम सापेक्ष भी है और व्यक्तिपरक भी। बचपन में हम बच्चों को सजा का डर दिखाते हैं। इससे वे अधिक अनुशासित हो जाते हैं । इसलिए जीवन में कुछ डर जरूरी हैं। कानून का डर कानून व्यवस्था को प्रभावशाली बनाता है, समाज का डर लोगों को जिम्मेदार और जवाबदेह बनाता है और विफलता का डर लोगों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। कल्पना से परे जाना आप जो कुछ भी चाहते हैं वह डर के दूसरी तरफ है जबकि जोखिम लेने के फायदे स्पष्ट हैं, यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि डर पर काबू पाना कहना जितना आसान है, करने में उतना आसान नहीं है। डर मानव मनोविज्ञान में गहराई से समाया हुआ है और इसका पूर्ण उन्मूलन संभव नहीं है। हालाँकि, व्यक्ति डर को कम करने और जोखिम लेने की मानसिकता विकसित करने के लिए रणनीतियाँ अपना सकते हैं। डर अक्सर संभावित परिणामों के नकारात्मक दृष्टिकोण से उत्पन्न होता है। अपनी मानसिकता को नए सिरे से तैयार करके और जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करके, हम डर को कम कर सकते हैं और आत्मविश्वास को मजबूत कर सकते हैं। यहां शिक्षा व्यवस्था और परिवार की भूमिका सामने आती है। शिक्षा प्रणाली को स्वयं में संशोधन करने और छात्रों को असफलताओं से सीखने और जोखिम लेने, विकल्प खोजने और पाठ्यक्रम से परे जाने की शिक्षा देने की आवश्यकता है। असफलताओं को असफलता के रूप में देखने के बजाय, उन्हें सफलता और सीखने के अवसरों की दिशा में कदम के रूप में देखा जा सकता है। अगली महत्वपूर्ण बात लचीलापन विकसित करने के बारे में है। लचीले व्यक्ति विकास और सुधार के लिए ईंधन के रूप में असफलताओं का उपयोग करके असफलताओं, रुकावट और अस्वीकृति से उबर सकते हैं। हमारे पास स्पेसक्स का एक बहुत बढ़िया उदाहरण है। हमें दूसरों को लाभ पहुंचाने की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए दैनिक जीवन में नैतिकता की आवश्यकता है। इसीलिए भारतीय समाज में हम प्रार्थना करते हैं। डर के साथ जीना निस्संदेह व्यक्तियों को जोखिम लेने से रोक सकता है।

## शादी में जा रहे युवक बाइक सहित नाले में गिरे, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

हाथरस। गिरीश और करन निवासीगण नगला मसंद बाइक से शादी समारोह में जा रहे थे। पुरदिलनगर के पास इंडियन गैस एजेंसी के निकट उनकी बाइक गंदे नाले में जा गिरी। नाले में गिरने से गिरीश की मौत हो गई, जबकि करन गंभीर रूप से घायल हो गया। हाथरस में सिकंदराराऊ क्षेत्र के पुरदिलनगर में इंडियन गैस एजेंसी के निकट शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार दो युवक बाइक सहित नाले में जा गिरे। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अलीगढ़ भेजा गया है। गिरीश (35) पुत्र कंचन सिंह और करन निवासीगण नगला मसंद बाइक से शादी समारोह में जा रहे थे। पुरदिलनगर के पास इंडियन गैस एजेंसी के निकट उनकी बाइक गंदे नाले में जा गिरी। नाले में गिरने से गिरीश की मौत हो गई, जबकि करन गंभीर रूप से घायल हो गया। करन को उपचार के लिए अलीगढ़ भेज दिया गया।

## झाड़ियों में ले जाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म, डंडों से पीटा, दो गिरफ्तार

हाथरस। दोपहर में महिला अपने परिचित के साथ जा रही थी। तभी बबूल की झाड़ियों से दो युवक हाथों में डंडे लेकर निकले और उसे साथी सहित पीटते हुए बबूल की झाड़ियों में ले गए। महिला के साथ झाड़ियों में सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद आरोपी चुप रहने की धमकी देते हुए भाग गए। हाथरस में सिकंदराराऊ नगर के बाहर सरकारी संस्था के पास सुनसान जगह पर 27 नवंबर की दोपहर को अपने साथी के साथ जा रही महिला को दो युवकों ने पकड़ लिया तथा झाड़ियों में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला और उसके साथी को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि दोपहर में अपने परिचित के साथ जा रही थी। तभी बबूल की झाड़ियों से दो युवक हाथों में डंडे लेकर निकले और उसे साथी सहित पीटते हुए बबूल की झाड़ियों में ले गए। महिला के साथ झाड़ियों में सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद आरोपी चुप रहने की धमकी देते हुए भाग गए। महिला दो माह से अपने मायके में रह रही थी। पुलिस ने तत्काल महिला की पहचान के बाद दो आरोपी सुमित यादव और मनोज निवासी गांव बरामई को गांव से सुनसान जगह पर भागने का प्रयास करते हुए गिरफ्तार कर लिया। सीओ डॉ आनंद कुमार ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## वेटर को बरातियों ने और ग्रामीणों ने उन्हें पीटा, 13 के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई

हाथरस। शादी में बरातियों ने वेटर को पीट दिया। इस पर ग्रामीणों ने बरातियों को ही पीट दिया। मामला शांत कराया गया, पर दुल्हन की विदाई के बाद बचे हुए बरातियों को ग्रामीणों ने फिर से पीट दिया। मामले में 13 लोगों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है। हाथरस में सादाबाद कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर 27 नवंबर की रात बरात में स्थानीय लोग और बरातियों के बीच मारपीट हो गई। वेटर से मारपीट के बाद विवाद ने तूल पकड़ लिया। सुबह बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने इस मामले में 13 लोगों के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्रवाई की है। सलेमपुर रोड पर एक युवती की शादी थी। टप्पल से बरात आई थी। दावत के दौरान किसी बराती ने वेटर से अभद्रता करते हुए उसकी पिटाई कर दी। वेटर सलेमपुर मार्ग का ही निवासी था, इसलिए विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई, लेकिन स्थानीय लोगों ने समझा–बुझाकर दोनों पक्षों को शांत करा दिया। सुबह दुल्हन की विदाई के समय स्थानीय लोगों ने बचे रह गए बरातियों को पीटा। इसके बाद कई लोग शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गए।

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में हुई संपन्न

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सीएम डैशबोर्ड पर विगत माह 13वीं रैकिंग के प्राप्त होने के सापेक्ष माह अकटूबर में सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैकिंग 20वीं प्राप्त हुयी। बैठक के दौरान खराब प्रगति वाली योजनाओं के संबध में सबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होने कहा कि जिन योजनाओं की खराब प्रगति है उनमे सुधार करने की आवश्यकता है। और जिन योजनाओं की प्रगति अच्छी है उन्हे अपनी स्थिति को बनाये रखने के लिये प्रयास करना है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई बाधित होने पर प्राप्त रैंकिंग को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जवाब तलब करने के निर्देश दिये। उद्योग विभाग द्वारा एमओयू में खराब प्रदर्शन के कारण व रैंक प्राप्त होने तथा उद्यमी मित्र द्वारा जनपद में कार्य न किये जाने पर, उद्यमी मित्र के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिये। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि जल्द एमओयू में रैंक सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भवन निर्माण में प्राप्त ᵮ रैंक को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की तथा तथ्यात्मक आकडा प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये। जिला पंचायत राज विभाग की खराब रैकिंग के कारण खराब प्रदर्शन करने वाले सम्बन्धित प्रधान एवं सचिव के विरूद्ध कार्यवाही हेतु डीपीआरओ को निर्देश दिये। पर्यटन विभाग की खराब रैंकिंग तथा पर्यटन विभाग के अधिकारी द्वारा संचालित परियोजनाओं के सम्बंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध न कराये जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुये जिलाधिकारी ने कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जनपद के सभी विद्यालयों मे तैनात शिक्षकों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने डीआईओएस को खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ बीसी आयोजित कर विद्यालयों के निरीक्षण के सम्बन्ध में जानकारी लेने हेतु भी निर्देश दिये। सेतुओं के निर्माण हेतु संचालित परियोजनाओं मे जो परियोजनाए पूर्ण होने वाली है उन्हे शतप्रतिशत पूर्ण करके पोर्टल पर फीड करने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। नगर विकास विभाग से सम्बंधित योजनाओं का विवरण सही उपलब्ध न कराये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित योजनाओं से विज्ञ अधिकारी को बैठक में भेजने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीकी कारणों से जिन विभागों की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर सही प्रदर्शित नही हो रही है वह सभी सम्बन्धित विभाग सुधार करने हेतु पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होने नगर निगम, एआरटीओ, रेवन्यु, विद्युत विभाग, आबकारी, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पीएम पोषण, निराश्रित गोवंश, मतस्य योजना, निराश्रित महिला पेंशन, लोक निर्माण विभाग, गन्ना विभाग, एमएसएमई सहित अन्य योजनाओं विभागों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों से कहा कि वे अपने विभाग द्वारा संचालित समस्त परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक करें। प्रतिदिन डाटा को सीएम डैशबोर्ड पर भरना सुनिश्चित करें। ए–प्लस रैकिंग लाने वाले अधिकारियों को सुधार करने पर सराहना भी की। जिन योजनाओं में सी,डी,ई रैंकिंग है उनसे सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द सुधार करने हेतु निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ एस बी सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0,रा0 सुरेश कमार, डी डी ओ पवन कुमार सिंह, सी एम ओ डॉ आरके गौतम समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं यथा टीकाकारण, लाभार्थियों को दिये जाने वाले भुगतान आदि में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक दौरान चिकित्साकर्मियों सहित समस्त स्टाफ को टीम भावना के साथ कार्य कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान करने तथा शासन की योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि किसी भी योजना में खराब प्रदर्शन होने पर पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होने ने शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही संस्थागत प्रस्व हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को जागरूक करने हेतु भी निर्देशित किया।डीएम ने 10 दिसम्बर, 2023 से शुरू होने वाले प्लस पोलियो अभियान को लेकर माइक्रो प्लान बनाकर क्रियान्वित करने हेतु निर्देश दिये। विशेष पंजीकरण अभियान 30 नवम्बर से 01 दिसम्बर तक किये जाने हेतु आशाओं के द्वारा लाभार्थियों को रजिस्टर कर लाभन्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने कोटादारों से सहयोग लेने हेतु निर्देशित किया। ददरौल, कलान एवं मिर्जापुर, रूटीन इम्यूनाइजेशन में पिछड़े होने पर सुधार के निर्देश दिये। टीकाकरण में कलान, कांट, मदनापुर, मिर्जापुर, निगोही एवं नगर क्षेत्र की खराब प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुये डीएम ने सुधार हेतु सख्त निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। पीएम मातृत्व वंदना योजना में मण्डल स्तर पर 01 स्थान होने पर सराहना की।

जिला स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत आयोजित बैठक में नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत अभियान, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता निवारण, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, परिवार कल्याण कार्यक्रम, क्षय रोग निवारण कार्यक्रम के साथ सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों, योजनाओं तथा गतिविधियों की समीक्षा कर खराब प्रगति वाली योजनाओं में सुधार हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर. के. गौतम, संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उप नगर आयुक्त रश्मि भारती की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया जन-सुनवाई दिवस




शाहजहांपुर। उप नगर आयुक्त रश्मि भारती की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्मय) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन–सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन–सामान्य द्वारा जन–सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ–सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दू एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी–अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन–सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं–शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन–समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों ध् कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन–सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन–सुनवाई दिवस में 05 समस्यायें ध् शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 03 समस्यायों, शिकायतों का निस्तारण कराया गया। जिसके उपरान्त जन–मानस द्वारा सम्भव के अन्तर्गत कराई गई समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु नगर निगम के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन–सुनवाई दिवस में सकिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० मनोज कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता जलकल प्रेम चन्द्र आर्य एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन–सामान्य द्वारा सकिय प्रतिभाग किया गया।